# बिहार विधान परिषद

(विधान परिषद् का 192वां बजट सत्र)

## 15 जुलाई 2019

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**- 27**

----

### वेतन भत्ता का भुगतान पर विचार

***227 श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला अंतर्गत वैशाली प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों को वेतन एवं भत्ता की राशि नहीं दी जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि वेतन एवं भत्ता की राशि नहीं दिए जाने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों को प्रखंड आने -जाने से कठिनाई हो रही है

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों का वेतन-भत्ता का भुगतान करना चाहती है?

----

### भवन बनाने पर विचार

***228 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाने का प्रावधान है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2018 -19 तक कितनी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन अभी तक बना है, कितनी ग्राम पंचायत में भवन अपूर्ण है;

(ग) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला में 228 ग्राम पंचायत और बक्सर जिला में 141 ग्राम पंचायत हैं दोनों जिला में कितनी ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन अभी तक बना है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर जिला और बक्सर जिला में सभी ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाने का विचार रखती है?

----

## प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण

***229 डा. दिलीप कुमार चौधरी (स्नातक दरभंगा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी प्रंखड स्थित इंदिरा चौक से कटैया जाने वाली सड़क की स्थिति काफी दयनीय होने के कारण आए दिन वह जानलेवा साबित हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के जर्जर एवं क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों में रोष व्याप्त है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेनीपट्टी प्रखंण्ड स्थित इंदिरा चौक से कटैया जाने वाली सड़क का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मत्स्य उत्पादन प्रशिक्षण केन्द्र का जीर्णोद्धार करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का पक्कीकरण

***230 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की ग्राम पंचायतों के महादलित बसावटों की सड़क को मुख्य सड़क से जोड़ने का निदेश दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत संपतचक प्रखंड के ग्राम कामताचक में शेमफोर्ड स्कूल के सामने पश्चिम की तरफ महादलित टोला जाने वाली पूर्वी रामकृष्णा नगर मुख्य सड़क को जोड़ने वाला रास्ता कच्चा है;

(ग) क्या यह सही है कि आजादी के 70 वर्ष से अधिक बीतने के बावजूद भी महादलित टोले के बसावटों के रास्ते का पक्कीकरण नहीं हुआ जिससे वहां निवास करने वाले कच्ची सड़क पर चलने को विवश हैं, बरसात के दिनों में तो मुख्य सड़क पर आने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार प्राथमिकता के आधार पर खंड 'ख' में वर्णित महादलित बसावट की सड़क का पक्कीकरण करते हुए पूर्वी रामकृष्णा नगर मुख्य सड़क को जोड़ना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## नाला निर्माण

*231 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायत बंजरिया, प्रखंड बंजरिया,जिला पूर्वी चम्पारण वार्ड नंबर 12 में सुनील सिंह ,जदयू नेता के घर से उपाध्याय जी के घर होते हुए धनौती नदी तक नाला नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड'क' के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार ग्राम पंचायत बंजरिया, प्रखंड बंजरिया अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में सुनील सिंह, जदयू नेता के घर से उपाध्याय जी के घर तक नाला का निर्माण कराना चाहती है ?

----

## सड़क का निर्माण

*232 **श्री सुनील कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, दरभंगा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत किरतपुर प्रखंड के झगरुआ ढलान से अमृतनगर तक दूरी करीबन 03 कि.मी. है ;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2015 में पी.ए. जी.एस. वाई से यह सड़क स्वीकृत हुई और टेंडर होने के बाद कार्य प्रारंभ हुआ ;

(ग) क्या यह सही है कि झगरुआ ढलान से अमृतनगर के बीच करीब 01 कि.मी. तक सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है, जिसके कारण वहां के आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान में निर्माणाधीन सड़क के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## राशि उपलब्ध

***233 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के कोंच, टिकारी, गुरारू, बांकेबाजार, गुरूआ, इमामगंज एवं डुमरिया प्रखंड में शौचालय निर्माण पिछले एक वर्ष पूर्व में ही करा लिया गया है, परन्तु इन प्रखंडों के प्रखंड वि[illegible]कास पदाधिकारी के असहयोगात्मक रवैये के कारण शौचालय निर्माण करा चुके लाभुकों को शौचालय निर्माण की राशि नहीं मिल पाई है;

(ख) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन प्रखंडों के लाभुकों को शीघ्र शौचालय निर्माण की राशि दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## लक्ष्य की प्राप्ति

***234 श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार की हिदायतों के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक किसानों को ऋण देने में टालमटोल कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि, वर्ष 2018-19 में कृषि क्षेत्र में 60 हजार करोड़ रुपये ऋण वितरित करने का लक्ष्य है, लेकिन दिसंबर , 2018 तक 28,304 करोड़ ऋण बैंकों द्वारा वितरित किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि यह स्थिति कृषि प्रधान राज्य बिहार के लिए चिंताजनक है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों को 31, 696 करोड़ रुपये ऋण दिलाकर लक्ष्य की प्राप्ति करना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## नियोजन कबतक

***235 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मनरेगा अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के लिए प्राक्कलन निर्माण, ले-आउट पर्यवेक्षण ,मापपुस्त में प्रविष्ट एवं सर्वेक्षण के लिए अभियंताओं की कमी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा जारी मास्टर सर्कुलर 2016-17 के अनुसूची 2.5.6 के अनुसार ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक-277987 दिनांक-13.7.2016 द्वारा पटना जिले में प्रथम फेज में 29 एवं द्वितीय फेज में 13 कुल 42 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में मात्र 12 अभ्यर्थियों का नियोजन BFT के पद पर किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिले में कुल 321 पंचायत पर मात्र 43 पंचायत तकनीकी सहायक कार्यरत हैं, पंचायत तकनीकी सहायक की कमी को दूर करने के लिए ही भारत सरकार ने BFT के पद पर शतप्रतिशत नियोजन का निदेश निर्गत किया है;

(ग) क्या यह सही है कि विभागीय पत्रांक- 304887 दिनांक-21.03.2017 द्वारा प्रखंड स्तर पर प्रति पंचायत तकनीकी सहायक पर औसत सक्रिय जॉब कार्ड संख्या- 2500-4000 पर 01, 4000-5500 पर 2, 5500-8000 पर 3 BFT के नियोजन करने का आदेश निर्गत है;

(घ) क्या यह सही है कि पटना जिले में कुल 1,19,557 सक्रिय जॉब कार्डधारी हैं, इस प्रकार 48 BFT की आवश्यकता है किन्तु मात्र 12 BFT अभ्यर्थियों का नियोजन किया गया, शेष 30 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का नियोजन विभाग की लापरवाही के कारण नहीं हो रहा है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रथम एवं द्वितीय फेज में उत्तीर्ण शेष 30 अभ्यर्थियों का नियोजन करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुलिया का निर्माण कबतक

*236 **श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बांका जिले के प्रखंड शंभूगंज, पंचायत जंगल जाखड़ा ग्राम झखड़ा स्कूल के पास पुलिया नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि जंगल झगड़ा स्कूल के पास पुलिया नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने में काफी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं और हम जब लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान इस गांव पहुंचे तो ग्रामीणों का काफी आक्रोश झेलना पड़ा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थल पर छात्र-छात्राओं को ध्यान में रखते हुए पुलिया निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों?

----

## झीलों को पुनर्जीवित के संबंध में

*237 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर अंचल के अधीन वरैला झील एवं बेगूसराय जिला के कॉवर झील विगत कई वर्षों से सूखा पड़ा है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त झील के सुखने के बौवजूद भी मछुआरों से राजस्व की वसूली की जा रही है जिसके चलते मछुआरा समाज में काफी रोष व्याप्त है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त दोनों झीलों को पुनर्जीवित करना चाहती है, हां तो कबतक नहीं तो क्यों ?

----

## बिजली कनेक्शन एवं बोरिंग भुगतान

*238 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**कृषि :-**

क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर विधान सभा में कृषि हेतु बिजली विभाग द्वारा किसानों को कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि जो किसान बोरिंग गड़वा लिये हैं उनका भी भुगतान अभी तक नहीं हुआ है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार किसानों को बिजली का कनेक्शन एवं बोरिंग का भुगतान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मति

***239 श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के प्रखंड बगहा-1 अंतर्गत ग्राम-नड्डा से भैरोगंज बाजार, बास गांव ,नोनिया टोला होते हुए जुड़ा पुल तक जाने वाली R.W.D. पथ जर्जर हो गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित सड़क जर्जर होने के कारण उक्त ग्राम की आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## संपर्क पथ का पक्कीकरण

***240 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत पीरपैंती प्रखण्ड में स्थित बदलाटीकरक- रौशनपुर- कमलचौक एवं पचरुखी को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति

काफी जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के जर्जर होने के कारण स्थानीय लोगों के परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इस संपर्क पथ का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## निर्णय पर विचार

***241 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन :-**

क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य पालन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा मत्स्य फसल बीमा योजना प्रारंभ की गई थी ;

(ख) क्या यह सही है कि खण्ड 'क' में वर्णित योजना अंतर्गत 50 प्रतिशत प्रीमियम राज्य सरकार एवं 50 प्रतिशत राज्य के मछुआरों द्वारा बहन किया जाना था ;

(ग) क्या यह सही है कि विगत कई वर्षो से उक्त योजना को बंद कर दिया गया है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार मत्स्य फसल बीमा योजना पुनः प्रारंभ करना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## नियमित भुगतान के संबंध में

***242 श्री राम लषण राम रमण (मनोनीत):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खुटौना प्रखण्ड के न्याय मित्रों तथा ग्राम कचहरी सचिव का मानदेय समय पर प्राप्त नहीं तो है तथा वर्ष 2013 से बकाया चल रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, खुटौना ने अपने पत्रांक-

1925, दिनांक-8/10/2018 द्वारा बकाया राशि की सूचना जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मधुबनी को दी थी ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक बकाये का भुगतान करते हुए समय पर नियमित भुगतान कराना चाहती है ?

----

## पथ का निर्माण

***243 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के भुतहा चौक से कुनौली बोर्डर का पश्चिमी कोसी तटबंध-पथ अत्यंत जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम सखड़ा-गोविन्दपुर में ऐतिहासिक काली मंदिर के दर्शन –पूजन के लिए भक्तों और अन्य यात्रियों को जर्जर सड़क से जाने मे कठिनाई होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त जर्जर पथ का निर्माण अथवा मरम्मत कब तक कराएगी ?

----

## पथ का पुर्ननिर्माण

***244 श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय मंझौल पथ एस.एच. 55 रजौड़ा चौक से चांदपुरा होते हुए सुहागी घाट जाने वाली सड़क आरईओ की है ;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिगृहित किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सड़क अधिगृहित होने के बाद भी जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण उक्त सड़क में दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पथ का पुर्नर्निमाण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***245 डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के बख्तारिपुर प्रखंड के डोमा-करौटा ग्राम में गौतम टोला होते हुए देवेन्द्र शर्मा के घर तक लखीपुर सड़क जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि डोमा ग्राम की जमीन नापी हुई थी किन्तु आज तक सड़क निर्माण कार्य नहीं हो पाया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार ग्राम डोभा होते हुए करौटा ग्राम से गौतम टोला, लखीपुर जाने के लिए सड़क का निर्माण कराना चाहती है,यदि हां तो कबक तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पथांश की मरम्मति

***246 श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

**पथ निर्माण :-**

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर-सीतामढ़ी राष्ट्रीय उच्च पथ सं0-104 के देवकुली-धनकौल खंड के पास सड़क पर मिट्टी छोड़ देने के कारण आवागमन अवरुद्ध रहता है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथांश के मरम्मत कार्य में लगी एजेंसी द्वारा कार्य छोड़कर भाग जाने की सूचना है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पथांश पर लगभग छह महीनों से कार्य बाधित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त समस्या का समाधान कर पथांश मरम्मती का कार्य शीघ्र निष्पादित करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पथ की मरम्मति

***247 श्री सोने लाल मेहता (विधान सभा):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि खगडि़या जिले के गोगरी प्रखंड अंतर्गत ' महेशखूंट से बन्नी (महेशखूंट लोहिया-चौक से रोहरी-बन्नी रेलवे केबिन के निकट N.H.-31 तक) पथ में पिछले 10 वर्षों से मरम्मति /जीर्णोद्धार का कोई कार्य नहीं हुआ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड'क' में वर्णित पथ तीन पंचायतों यथा, बन्नी समसपुर और झिकटिया पंचायत को जोड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि बरसात के दिनों में उपर्युक्त वर्णित पथ झील में तब्दील हो जाता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त पथ की मरम्मती इस वित्तीय वर्ष में कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## पी.सी.सी. का निर्माण

***248 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**पंचायती राज :-**

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत माझा प्रखंड की ग्राम पंचायत मधुसरैया के ग्राम-मलिकाना मेन रोड से धौसी टोला वार्ड नं0- 6 के धौसी टोला बिन्द टोली होते हुए बउली तक की सड़क जर्जर स्थिति में है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ के जर्जर रहने के कारण आम नागरिकों सहित खेती के लिए ट्रैक्टर या अन्य किसी सवारी के आवामन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि प्रधानमंत्री पथ डोमाहाता से पैठानपट्टी तक लगभग 200 मीटर उत्तर दिशा में बिन्द टोली होते हुए बउली तक जाती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पथ का ईंटीकरण एवं पी.सी.सी. कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----

## आवास मुहैया नहीं

***249 श्री रितलाल राय (स्थानीय प्राधिकार, पटना):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला के ग्राम मिलकी पर, पंचायत अमनार, श्री राजेश कुमार, पिता-स्व. हरिहर प्रसाद एवं ग्राम-चुरामन बिगहा ,पंचायत पेठना के श्री बच्चु यादव को रहने के लिए कोई अपना मकान नहीं है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड'क' के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कबतक आवास मुहैया कराएगी, नहीं तो क्यों ?

----

## अ ावास उपलब्ध

***250 श्री सच्च्दानिंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

**ग्रामीण विकास :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सारण (छपरा) जिलान्तर्गत मढौरा, लहलादपुर, बनियापुर प्रखंड मुख्यालयों में पदाधिकारियों का आवास नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्यालय में सरकारी आवास नहीं रहने के कारण सभी पदाधिकारी जिला मुख्यालय, सारण में विश्राम करते हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पदाधिकारियों को मुख्यालय में आवास उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हां तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***251 श्री राणा गंगेश्वर सिंह (मनोनीत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिला के पटोरी पासवान चौक से कार्य प्रमंडल अंतर्गत मोहिउद्दीनगर प्रखंड के चापड़ बांध पक्की सड़क से चापड़ा बाबा पट्टी

पश्चिम चापड़ बाबा पट्टी पूरब होते हुए डुमरिया स्थान तक पथ निर्माण स्वीकृत किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पथ निर्माण हेतु समाचार पत्र में निकाले गये टेंडर का समुचित प्रचार न होने के कारण कोई टेंडर न डाला जा सका है;

(ग) क्या यह सही है कि इस पथ के निर्माण की स्वीकृति होने के बावजूद टेंडर नहीं गिरने के कारण निर्माण नहीं हो सका है;

(घ) क्या यह सही है कि चापड़ से बाबा पट्टी पश्चिम बाबा पट्टी पूरब होते हुए डमरूआ स्थान तक पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या विभाग स्वीकृत पथ का पुनः टेंडर निकलवाते हुए निर्माण कार्य पूरा कराना चाहता है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***252 श्री देवेश चन्द्र ठाकुर (स्नातक तिरहुत):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कटरा प्रखण्डान्तर्गत बसघट्टा-यजुआर पथ काफी जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क से लाभान्वित होने वाली अधिकतर जनसंख्या पिछड़ा अति पिछड़ा एवं महादलित समुदाय की हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खंड'क' में वर्णित सड़क को प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

***253 श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

**ग्रामीण कार्य :-**

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत ग्रामीण सड़कों का निर्माण विभिन्न योजना जैसे कि प्रधानमंत्री ग्राम सम्पर्क, नाबार्ड, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, विश्व बैंक ,अन्य योजना ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा होता है ;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय पदाधिकारी द्वारा विभिन्न स्तर पर विधायक की अनुशंसा पर सरकार के सहमति से अभिकर्ता से समझौता कर राशि निर्गत कर निर्माण का प्रावधान है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पथ का एक निर्धारित अवधि में अभिकर्ता द्वारा निर्माण कर जनता को समर्पित किया जाता है;

(घ) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला में विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा लगभग 35 ऐसे महत्वपूर्ण सड़क निर्माण 5 से 7 वर्ष पूर्व ही जनता को समर्पित किया जाना था लेकिन आधा- अधूरा काम करके पूर्ण आवंटित राशि उठा कर अभी तक जनता को समर्पित नहीं किया गया है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अर्धनिर्मित सड़कों का निर्माण कर बिना कार्य किये राशि का बंदर- बांट करने वाले दोषी पदाधिकारी एवं अभिकर्ता पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----